डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती

स्रोत: पी.आई.बी.

भारत के राष्ट्रपति ने **देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद** को उनकी जयंती (3 दिसंबर) पर पुष्पांजलि अर्पित की।

- **जन्म एवं प्रारंभिक जीवन:** राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर 1884 को जीरादेई, सिवान, बिहार में हुआ था।
- वह गांधीजी के जाति और अस्पृश्यता के विचारों से प्रभावित थे और उन्होंने सरल जीवन व्यतीत किया।
- **स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका:** डॉ. प्रसाद ने 1920 में स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने के लिये अपना विधिक कॅरियर छोड़ दिया और 1931 में नमक सत्याग्रह और 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल होने के कारण कारावास का दंड दिया गया।
- 1934 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के **बंबई अधिवेशन** की अध्यक्षता की और **1939** में **सुभाष चन्द्र बोस** के इस्तीफे के बाद कॉन्ग्रेस में अध्यक्ष पद ग्रहण किया।
- **संविधान निर्माण में भूमिका:** उन्हें **1946** में संविधान सभा **का अध्यक्ष** नियुक्त किया गया।
- उन्होंने **राष्ट्रीय ध्वज, प्रक्रिया नियम, वित्त एवं स्टाफ संबंधी** समितियों की अध्यक्षता की।
- **साहित्यिक कृतियाँ:** ***[illegible] (1922), [illegible] (1946), [illegible] (1946), [illegible] (1954)***
- **राष्ट्रपति पद और विरासत: 1950** में **भारत के प्रथम राष्ट्रपति** के रूप में पद ग्रहण किया और 12 वर्ष से अधिक समय तक कार्यभार संभाला। वह 1952 और 1957 में सर्वसम्मति से दोबारा राष्ट्रपति का पद ग्रहण करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे। **राजेंद्र प्रसाद को 1962 में** भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

//



और पढ़ें: डॉ. राजेंद्र प्रसाद

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/birth-anniversary-of-dr-rajendra-prasad